''प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस''
कार्यालय प्राचार्य शासकीय बापू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नौगाँव जिला-छतरपुर (म.प्र.)
NAAC Accredited
Mob. No. 9827336960 College Code-0810 Email - he.gcnawcha@mp.gov.in

क्र.530/2025 नौगांव दिनांक 16/07/25

महाविद्यालय में बस संचालन हेतु निविदा (द्वितीय आमंत्रण) सत्र 2025–26

म.प्र.शासन, उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेशानुसार इस महाविद्यालय की जनभागीदारी मद से बस सेवा प्रारंभ करने हेतु नीचे दिये गये विवरण एवं शर्तो के अधीन एवं प्रस्तावित रूट चार्ट के अनुसार विद्यार्थियों के आवागमन हेतु बस सेवा प्रदाताओं से अनुबंध के आधार पर प्रतिमाह एवं प्रति किलो मीटर किराये की दर प्रस्तुत की जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रमांक	विवरण	विशिष्टकरण	दर रूपये में
1	यात्री बस	1. 52 सीटर नॉन AC बस 2. बस का पंजीकरण वर्ष 2018 या उसके बाद का होना चाहिए। 3. निर्धारित एजेंसी का वैध फिटनेस प्रमाण–पत्र एवं बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र। 4. वाहन जी.पी.एस. सिस्टम से युक्त होना चाहिए 5. बस CCTV कैमरा संयुक्त होना चाहिए।	1 प्रति किलोमीटर की दर ईंधन चालक, परिचालक का वेतन और समस्त कर एवं टोल टैक्स सहित। (प्रतिमाह न्यूनतम 2400 कि.मी. बस संचालन स्थिति में) 2 प्रतिमाह किराये की दर (ईंधन चालक, परिचालक का वेतन और समस्त कर एवं टोल टैक्स सहित। प्रतिमाह न्यूनतम 2400 कि.मी. बस संचालन स्थिति में)

शर्तें :–

1. इच्छुक निविदाकर्ता निविदा आवेदन शुल्क राशि 500/– रू. महाविद्यालय के जनभागीदारी खाता क्र. 9577000100006160 IFSC PUNB0957700 में जमा कर रसीद अनिवार्यतः निविदा के साथ संलग्न करें अन्यथा आपकी निविदा अमान्य कर दी जायेगी।
2. महाविद्यालय के प्रस्तावित रूट सोमवार, गुरूवार को नौगांव से सलैया (आगमन–प्रस्थान), नौगांव से लुगासी (आगमन–प्रस्थान), मंगलवार शुक्रवार को नौगांव से महेबा (आगमन–प्रस्थान), नौगांव से करारागंज (आगमन–प्रस्थान) एवं बुधवार शनिवार नौगांव से आलमपुरा (आगमन–प्रस्थान), नौगांव से सलैया (आगमन–प्रस्थान) के अनुसार बस का संचालन किया जायेगा। समय चक्र एवं रूट (पथ मार्ग) आवश्यकतानुसार परिवर्तनीय होगा। बस सेवा प्रदाता द्वारा म.प्र. मोटरयान अधिनियम के तहत जिला क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) द्वारा निर्धारित वाहन सुरक्षा, वाहन फिटनिस, चालक/परिचालक की योग्यता आदि की शर्तो का पूर्ण रूपेण पालन करना होगा।
3. बस निर्धारित रूट चार्ट एवं समय सारणी अनुसार संचालित की जायेगी।
4. माननीय सुप्रीम कोर्ट एवं मध्यप्रदेश शासन परिवहन विभाग की गाईड लाईन के अनुसार सुरक्षा मानक फायर सेफ्टी फर्स्ट एड बॉक्स आदि से युक्त होना चाहिए।
5. बस चालक के पास हैवी व्हीकल का वैध ड्राइविंग लायसेंस होना चाहिए एवं चालक, परिचालक को अच्छे आचरण एवं चरित्र के साथ एवं व्यसन आदि से मुक्त होना चाहिए एवं दोनों का पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
6. बस के आगे और दोनों ओर महाविद्यालय का बैनर लगाया जावेगा।
7. अनुबंध कार्यालय से आदेश जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होगा।
8. बस के रख–रखाव की समस्त जिम्मेदारी बस मालिक/फर्म की होगी, महाविद्यालय के द्वारा इस संबंध में कोई व्यय नही किया जायेगां।
9. निविदा स्वीकृत होने पर संबंधित बस फर्म/मॉलिक को रू. 25000/– शब्दों में पच्चीस हजार रू. मात्र का अधोहस्ताक्षरकर्ता के पदनाम से चैक अथवा ड्राफ्ट सिक्यूरिटी डिपाजिट करना आवश्यक होगा जो अनुबंध समाप्ति पर वापसी योग्य होगा। स्वीकृत निविदाकर्ता द्वारा 1000/– रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटराईज्ड अनुबंध करना होगा जिसका समस्त व्यय निविदाकर्ता द्वारा वहन किया जायेगा।
10. निविदा स्वीकृत उपरांत बस चालक/बस मालिक/फर्म का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार अथवा शर्तो के उल्लंघन होने पर अनुबंध को तत्काल समाप्त करने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित रहेगा।

क्र.....530...../2025 नौगांव दिनांक .....16/07/25.....

11 निविदा में अन्य कोई भी दर, कर आदि हो तो उसका स्पष्ट उल्लेख किया जाऐ।

12 निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने तथा शर्तों को बढ़ाने/कम करने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित रहेगा। प्राचार्य/सचिव जनभागीदारी समिति का आदेश अंतिम माना जायेगा।

13 नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाली निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

14 निविदा महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 07.08.2025 तक रहेगीं।

15 समय सीमा में प्राप्त निविदा के सील बंद लिफाफे क्रय समिति के समक्ष .दिनांक 08.08.2025 समय अपरान्ह 2.00 बजे प्राचार्य कक्ष में खोले जायेगें। इच्छुक निविदाकर्ता उपस्थित रह सकते है।

16 निर्धारित निविदा प्रपत्र (भरे हुए) के साथ निम्नलिखित आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना होगा।

अ. आर.टी.ओ. द्वारा जारी बस का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र।

ब. बस का फिटनिस प्रमाण पत्र एवं फर्स्ट पार्टी बीमा प्रमाण पत्र तथा प्रदूषण प्रमाण पत्र।

स. चालक का वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाईसेंस।

द. चालक एवं परिचालक के उत्तम चरित्र का पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र।

य. निविदा मं चाही गई समस्त शर्तो के पालन का स्व घोषित प्रमाण पत्र।

र. बस के अंदर एवं बाहर के आगे व अगल-बगल के रंगीन फोटो ग्राफ संलग्न करें।

नोट :- निर्धारित निविदा प्रपत्र महाविद्यालय की आफीशियल बेवसाइड https://govtbapucollege.com/website/ से डाउनलोड करें या महाविद्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त करें।

प्राचार्य
'' प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस''
शासकीय बापू महाविद्यालय नौगांव
जिला- छतरपुर (म.प्र.)

पृ.क्र. 530(1)/2025 नौगांव दिनांक.....16/7/25.....

प्रतिलिपि-

1 जिला परिवहन अधिकारी जिला छतरपुर (म.प्र.)

2 वेबसाईट प्रभारी विज्ञप्ति महाविद्यालय की बेवसाईट पर प्रकाशित करने हेतु।

3 सूचना पटल पर चस्पा ।

4 लेखा शाखा ।

16/07/25

प्राचार्य
'' प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस''
शासकीय बापू महाविद्यालय नौगांव
जिला- छतरपुर (म.प्र.)

16/07/2025

16/07/2025

16/07/2025

बस संचालन हेतु दर प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र

निविदाकर्ता का नाम	
पता	
मोबाईल नं.	
ई–मेल आई.डी.	
जी.एस.टी. नं.	
बस का प्रकार	
बस का पंजीकरण वर्ष	
प्रति किलो मीटर की दर(ईधन चालक परिचालक का वेतन समस्त कर एवं टोल टेक्स सहित) प्रति माह न्यूनतम 2400 कि.मी. बस संचालन की स्थिति में	
प्रतिमाह किराये की दर (ईंधन चालक, परिचालक का वेतन और समस्त कर एवं टोल टैक्स सहित। प्रतिमाह न्यूनतम 2400 कि.मी. बस संचालन स्थिति में)	

संलग्न दस्तावेज

1 आरटीओ द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र
2 बस का फिटनेस प्रमाण पत्र
3 फर्स्ट पार्टी बीमा प्रमाण पत्र
4 प्रदूषण प्रमाण पत्र
5 चालक का वैद्य ड्राईविंग लाइसेंस
6 चालक एवं परिचालक का पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र
7 शर्तो का पालन करने का घोषणा पत्र
8 बस की रंगीन तस्वीर
9. 500 रूपये की आवेदन शुल्क की रसीद

घोषणा पत्र

मै प्रमाणित करता हू कि उपरोक्त जानकारी सत्य है एवं निविदा में उल्लेखित समस्त शर्तो को पढ़कर स्वीकार कर्ता हू अनुबंध की अवधि तक शर्तो के पालन हेतु बाध्य रहूँगा।

दिनांक

निविदा कर्ता के हस्ताक्षर एवं नाम

स्थान